मे0 जय प्रकाश **एसोसिएट्स** लि0, सीमेण्ट डिवीजन द्वारा ग्राम–चुर्क, जनपद–सोनभद्र में प्रस्तावित **4x60 M.W. कैप्टिव** थर्मल पावर प्लाण्ट के साथ एक मिलियन टन/वर्ष सीमेण्ट ग्राइन्डिंग यूनिट एवम् 1.0 एम0टी0पी0ए0 कोलवाशरी के उत्पादन हेतु इकाई की स्थापना से पूर्व कलेक्ट्रेट सभागार राबर्ट्सगंज, जनपद–सोनभद्र में दिनांक 02–06–2010 को अपराह्न 1:00 बजे सम्पन्न हुई **"लोक सुनवाई"** की कार्यवाही का विवरण।

---

भारत सरकार के पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन **(E.I.A.)** अधिसूचना संख्या–1533 दिनांक 14–09–2006 के प्राविधानों के अनुक्रम में सदस्य/सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ के पत्र संख्या–**F65383** सी–2/ एन0ओ0सी0/3612/2010 दिनांक 23–04–2010 के अनुपालन में उपरोक्त उद्योग द्वारा प्रस्तावित 4x60 M.W. कैप्टिव थर्मल पावर प्लाण्ट के साथ 1.0 एम0टी0पी0ए0 सीमेण्ट ग्राइंडिंग यूनिट एवं 1.0 एम0टी0पी0ए0 कोलवाशरी के उत्पादन की परियोजना के स्थापनार्थ दिनांक 02–06–2010 को अपराह्न 1:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार राबर्ट्सगंज, सोनभद्र में लोक सुनवाई आयोजित की गयी।

उक्त लोक सुनवाई की आम सूचना राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान टाइम्स, नई दिल्ली में दिनांक 30–04–2010 एवं स्थानीय दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण में दिनांक 30–04–2010 को प्रकाशित करायी गयी थी जिनकी प्रतियाँ संलग्न है **(संलग्नक–1 एवं 2)।**

लोक सुनवाई की अध्यक्षता जिलाधिकारी, सोनभद्र श्री पनधारी यादव द्वारा की गयी। लोक सुनवाई में अपर जिलाधिकारी श्री उदय भानु त्रिपाठी, क्षेत्रीय अधिकारी, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कालिका सिंह, सहायक पर्यावरण अभियन्ता, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड श्री पंकज यादव, प्रशासनिक अधिकारी, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड श्री एस0के0 अवस्थी, उपप्रभागीय वनाधिकारी, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र श्री राम अवध यादव, वन क्षेत्राधिकारी, ओबरा वन प्रभाग, श्री डी0के0 सिंह, श्री अजय शर्मा, अधिशासी अध्यक्ष, जे0पी0 एसोसिएट्स लि0, श्री वी0के0 शर्मा, उपाध्यक्ष (माइन्स), जे0पी0 एसोसिएट्स लि0, श्री एस0 कटियार, वरिष्ठ महाप्रबन्धक(उत्पादन), डा0 आनन्द राय, पर्यावरण अधिकारी, जे0पी0 एसोसिएट्स लि0 एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

जनप्रतिनिधियों में प्रमुख रूप से डॉ0 रागिनी प्रेम, मंत्री, वनवासी सेवा आश्रम, सोनभद्र, श्री राहुल श्रीवास्तव, व्यूरो चीफ, हिन्दुस्तान टाइम्स, मुहम्मद शमीम अंसारी, पत्रकार, श्री नागेश मणि पाठक, यू0पी0 काँग्रेस सदस्य, चौ0 यशवन्त सिंह, जिलाध्यक्ष अपना दल, श्री रामेश्वर शुक्ल, अध्यक्ष, मनरेगा, सोनभद्र, श्री बलराम सिंह उर्फ गोविन्द सिंह, शमशेरपुर, जिला– चन्दौली, श्री शेष नारायण दीक्षित, एडवोकेट, श्री अंजनी कुमार

क्रमशः 2/पर.........

यादव, डाला, सोनभद्र, श्री हरेन्द्र पाण्डेय, यूनियन लीडर, डा0 शेख कलीम, प्रबन्धक, आल नेचर्स क्लाइमेट इन्वायरमेन्टल सोसाइटी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे (सूची संलग्न)।

लोक सुनवाई प्रारम्भ करते हुए क्षेत्रीय अधिकारी, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सोनभद्र द्वारा उपस्थित गणमान्य नागरिकों का स्वागत करते हुए अवगत कराया गया कि मे0 जय प्रकाश एसोसिएट्स लि0 द्वारा ग्राम–चुर्क में 1.0 एम0टी0पी0ए0 सीमेण्ट ग्राइन्डिंग, 1.0 एम0टी0पी0ए0 कोलवाशरी एवं 4x60 M.W. कैप्टिव पावर प्लाण्ट के उत्पादन की परियोजना के स्थापनार्थ पर्यावरणीय स्वीकृति किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रेषित किया गया है।

मे0 जय प्रकाश एसोसिएट्स लि0 के अधिशासी अध्यक्ष श्री अजय शर्मा द्वारा उपस्थित गणमान्य नागरिकों का स्वागत किया गया। श्री शर्मा ने कहा कि 1.0 एम0टी0पी0ए0 सीमेण्ट ग्राइन्डिंग, 1.0 एम0टी0पी0ए0 कोलवाशरी एवं 4x60 M.W. कैप्टिव पावर प्लाण्ट परियोजना के आ जाने से आस–पास के क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आवागमन जैसी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति सहजता से होगी एवं क्षेत्र का चहुमुखी विकास हो सकेगा।

इसके उपरान्त परियोजना के तकनीकी विशेषज्ञ मे0 विमटा लैब हैदराबाद को विस्तृत जानकारी हेतु कहा गया। विमटा लैब के श्री किशोर द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम–चुर्क, तह0–राबर्ट्सगंज, जिला–सोनभद्र में सीमेण्ट, कोलवाशरी एवं थर्मल पावर उत्पादन किया जायेगा। उद्योग की प्रस्तावित क्षमता 1.0 एम0टी0पी0ए0 सीमेण्ट, 1.0 एम0टी0पी0ए0 कोलवाशरी एवं 4x60 M.W. कैप्टिव थर्मल पावर उत्पादन की होगी। श्री किशोर द्वारा अवगत कराया गया कि इस उद्योग में वायु प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था के अन्तर्गत कैप्टिव थर्मल पावर प्लाण्ट में **99.93%** दक्षता के ई0एस0पी0 की स्थापना की जायेगी तथा चिमनी की ऊँचाई 125 मीटर होगी। सीमेण्ट ग्राइण्डिंग मिल पर वैग हाउस एवं वैग डस्ट कलेक्टर्स स्थापित किये जायेंगे एवं कोलवाशरी हेतु हैवी मीडिया साइक्लोन तकनीक का उपयोग किया जायेगा जिससे वायु प्रदूषण की सम्भावना कम होगी। सीमेण्ट ग्राइंडिंग मिल पर 50 मीटर तथा कोलवाशरी पर 30 मीटर ऊँची चिमनी स्थापित की जायेगी। उद्योग द्वारा स्टोरेज यार्ड में जल छिड़काव की व्यवस्था हेतु स्प्रिंकलिंग सिस्टम स्थापित किया जायेगा। उद्योग द्वारा परिसर में चारो ओर 100 मीटर चौड़ी हरित पट्टिका का विकास किया जायेगा।

जल प्रदूषण की रोकथाम के लिए फ्लाकुलेशन टैंक, न्यूट्रिलाइजेशन पिट, सेटलिंग टैंक की स्थापना की जायेगी तथा कैप्टिव पावर प्लाण्ट में कूलिंग से जनित उत्प्रवाह को पुनः उपयोग में लाया जायेगा। कैप्टिव पावर प्लाण्ट में एयर कूल्ड कन्डेन्सर तकनीक का उपयोग किया जायेगा जिससे जल उपयोग की मात्रा में काफी कमी आयेगी। उद्योग द्वारा कोलवाशरी से जनित उत्प्रवाह को शुद्धीकृत करने के

क्रमशः 3/पर..........

उपरान्त पुनः प्रयोग किया जायेगा। घरेलू उत्प्रवाह के शुद्धीकरण हेतु एस0टी0पी0 की स्थापना की जायेगी तथा शुद्धीकृत उत्प्रवाह का उपयोग परिसर में सिंचाई हेतु किया जायेगा। उद्योग द्वारा शून्य उत्प्रवाह निस्तारण की योजना प्रस्तुत की गयी है। उद्योग में 5013 के0एल0डी0 जल का उपयोग किया जाना प्रस्तावित है जिसकी आपूर्ति घाघर वैराज के अपस्ट्रीम एवं धंधरौल बाँध के डाऊन स्ट्रीम से की जायेगी। साथ ही उद्योग द्वारा वर्षा जल संचयन तकनीक का उपयोग कर बाँधों आदि से जल प्राप्त करने की मात्रा में कमी प्रस्तावित है।

क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा प्रस्तावित परियोजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी जनता के समक्ष प्रेषित किये जाने हेतु परियोजना प्रस्तावकों से अनुरोध किया गया।

1. <u>श्री शमीम अंसारी, पत्रकार, दुद्धी, सोनभद्रः</u>— जय प्रकाश एसोसिएट्स समूह द्वारा किये गये सामाजिक कार्यो के प्रति आभार प्रकट किया गया एवं जे0पी0 एसोसिएट्स लि0 चुर्क, सोनभद्र की प्रस्तावित परियोजना की स्थापना के लिये अनुमति प्रदान किये जाने का समर्थन किया तथा लोक सुनवाई में उपस्थित लोगों से सकारात्मक सोच के साथ मे0 जय प्रकाश एसोसिएट्स लि0 के विकास होने से उसका लाभ स्थानीय लोगों एवं जनपद सोनभद्र के निवासियों के लाभान्वित होने की आशा प्रकट की।
2. <u>**चौ0 यशवन्त सिंह, जिलाध्यक्ष, अपना दल, राबर्ट्सगंज, सोनभद्रः**</u>— जय प्रकाश एसोसिएट्स चुर्क इकाई द्वारा घाघर धंधरौल बाँध से जलापूर्ति प्राप्त किये जाने से किसानों को सिंचाई हेतु पानी न मिलने की स्थिति बताते हुए उद्योग की स्थापना हेतु अनुमति प्रदान न किये जाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि उक्त बाँधों से पानी लेने की दशा में लगभग 5 लाख किसान एवं वहाँ की जनता को पानी के अभाव का सामना करना पड़ेगा।
3. <u>**श्री गोपाल चन्द्र यादव, सुकृत, सोनभद्रः**</u>— रोजगार के लिये प्रदेश से बाहर अन्य प्रदेशों में जाने पर अपमानित होना पड़ता है। यदि जनपद एवं प्रदेश में उद्योगों की स्थापना होगी तो क्षेत्र के विकास के साथ—साथ लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। इसलिए इस उद्योग की स्थापना के लिए अनुमति प्रदान की जाय।
4. <u>**श्री बलराम सिंह उर्फ गोविन्द सिंह, शमशेरपुर, चन्दौलीः**</u>— जय प्रकाश एसोसिएट्स लि0 चुर्क इकाई की स्थापना हरे भरे जंगलों को काटकर तथा अवैध रूप से वन भूमि पर कब्जा किया जा रहा है। श्री सिंह द्वारा दिया गया लिखित रूप में आपत्ति पत्र संलग्न है।
5. <u>**श्री रविनाथ सिंह, भू0पू0 कर्मचारी, डाला, सोनभद्रः**</u>— पूर्व में डाला एवं चुर्क सीमेण्ट इकाई के बन्द हो जाने के कारण यहाँ के कर्मचारियों को भयानक त्रासदी से गुजरना पड़ा। आस—पास के निवासियों के अप्रत्यक्ष रोजगार पर भी विपरीत प्रभाव पड़ा। कई लोग असमय कालकवलित हो गये। इसीलिए चुर्क जनपद सोनभद्र के निवासियों को रोजगार मुहैया कराने तथा समाजिक, आर्थिक विकास के लिये उद्योगों की स्थापना आवश्यक है। अंतः इस प्रोजेक्ट को अनुमति प्रदान किया जाना व्यापक जनहित में होगा।

क्रमशः 4/पर.........

6. **<u>श्री अनिल द्विवेदी, चुर्क, सोनभद्रः</u>**— जे0पी0 एसोसिएट्स लि0 चुर्क की इकाई में चुर्क के साथ–साथ जनपद का चहुमुखी विकास होगा। उद्योग को पर्यावरण संरक्षण के लिये प्रदूषण की रोकथाम की शर्त के साथ अनुमति दिया जाना उचित होगा।
7. **<u>श्री कुलदीप पुरी, जनवादी युवा मोर्चा, सोनभद्रः</u>**— जे0पी0 एसोसिएट्स लि0 द्वारा चुर्क में वन काटे जाने का रोश व्यक्त किया गया तथा कम्पनी के परिसर में आने–जाने के लिये आवागमन सुविधा की माँग की गयी। साथ ही घाघर धँधरौल बाँध से पानी लिये जाने पर कृषि पर विपरीत प्रभाव पड़ने की आशंका जतायी। ऐसी स्थिति में उद्योग को अनुमति न दिये जाने की माँग की गयी।
8. **<u>श्री रमाकान्त त्रिपाठी, पत्रकार, सोनभद्रः</u>**— जे0पी0 एसोसिएट्स लि0 द्वारा घाघर धँधरौल बाँध से जलापूर्ति लिये जाने पर आपत्ति प्रकट की गयी। श्री त्रिपाठी द्वारा आपत्ति पत्र दिया गया है जो कि संलग्न है।
9. **<u>श्री मार्तण्ड प्रसाद मिश्रा, वरि0अधिवक्ता, राबर्ट्सगंज, सोनभद्रः</u>**— जे0पी0 एसोसिएट्स लि0 की परियोजना की स्थापना से स्थानीय निवासियों का विकास का मार्ग प्रशस्त होने की बात कही गयी साथ ही उद्योग द्वारा विस्थापित किये जा रहे पावर प्लाण्ट से चुर्क एवं राबर्ट्सगंज को 24 घण्टे विद्युत आपूर्ति कराये जाने का अनुरोध किया गया।
10. **<u>श्री भानु सागर भागर, युवा जन सभा स0पा0, सोनभद्रः</u>**— जे0पी0 एसोसिएट्स लि0 की चुर्क इकाई में स्थानीय लोगों के लिए 70 प्रतिशत आरक्षित कर रोजगार प्रदान करने का प्रस्ताव रखा गया एवं आशा व्यक्त की गयी कि पेड़ों एवं वनों का कटान नहीं होगा।
11. **<u>श्री राजेन्द्र प्रसाद चौधरी, एडवोकेट, सोनभद्रः</u>**— इन्होंने अवगत कराया कि ये पूर्व में चुर्क सीमेण्ट फैक्ट्री में कार्यरत थे। उद्योग बन्द हो जाने के उपरान्त कठिन संघर्ष करना पड़ा तथा वर्तमान में एडवोकेट हैं। पूर्व में उद्योग बन्द होने से कर्मचारियों को हुई कठिनाईयों का वर्णन करते हुए अनुमति प्रदान की माँग की।
12. **<u>श्री अजय कुमार चतुर्वेदी, अध्यक्ष, भारतीय किसान यूनियन, घोरावल, सोनभद्रः</u>**— घाधर धँधरौल बाँध से उद्योग द्वारा पानी लिये जाने पर आपत्ति जतायी गयी तथा कहा कि इन बाँधों से उपयोग में पानी लिये जाने की दशा में किसानों की सिंचाई पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा जिससे अनाज के उत्पादन में कमी होगी।

क्रमशः 5/पर..........

13. <u>श्री हरदेव नारायण तिवारी, महासचिव, बिजली मजदूर यूनियन, सोनभद्रः</u>— उद्योग द्वारा अपनायी जा रही नई तकनीकों से जल उपयोग की मात्रा में कमी न होना बताया गया तथा नये तकनीकी प्लाण्ट से पर्यावरण प्रदूषण पर विपरीत प्रभाव न पड़ने की बात कही गयी तथा उद्योग को अनुमति प्रदान करने की माँग की गयी।
14. <u>अशोक कुमार पटेल, अध्यक्ष, पीपुल फॉर एनीमल संस्था, सोनभद्रः</u>— उद्योग द्वारा वन्य जीवों के संरक्षण एवं सामाजिक कार्यो को सराहनीय बताते हुए अनुमति प्रदान किये जाने पर बल दिया गया।
15. <u>डा0 शेख कलीम, आल नेचर्स इन्वायरमेन्टल सोसाइटी, चुर्क, सोनभद्रः</u>— जनपद के विकास के लिए उद्योगों की स्थापना की आवश्यकता पर बल दिया गया और साथ ही प्रदूषण की रोकथाम के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण की माँग की गयी।
16. <u>श्री विजय शंकर चतुर्वेदी, अध्यक्ष, प्रेस क्लब, सोनभद्रः</u>— पर्यावरणीय मानकों का कड़ाई से अनुपालन किये जाने की शर्त पर जे0पी0 समूह को चुक में अनुमति प्रदान की जाय। श्री चतुर्वेदी द्वारा लिखित रूप में भी एक पत्र दिया गया है जो मूल रूप में संलग्न किया जा रहा है।

उपरोक्त के अतिरिक्त विभिन्न संगठनों एवं नागरिकों आदि द्वारा जन सुनवाई के समय अथवा इस कार्यालय में प्रेषित पत्रों को मूल रूप में संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।

श्री अजय शर्मा, अधिशासी अध्यक्ष, मे0 जय प्रकाश एसोसिएट्स लि0 द्वारा गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त किया गया। श्री शर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व में यू0पी0 सीमेन्ट कार्पोरेशन की चुर्क इकाई द्वारा धँधरौल बाँध से 4.95 क्यूसेक पानी प्रतिदिन सीपेज से लिया जाता था तथा पानी की उपरोक्त मात्रा ही (4.95 क्यूसेक पानी) मे0 जय प्रकाश एसोसिएट्स लि0 द्वारा धँधरौल बाँध की सीपेज से लिया जायेगा। इस प्रकार न्यूनतम आवश्यकता का पानी ही लिया जायेगा जिससे किसानों की सिंचाई पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा। अभी तक 78 भू0पू0 कर्मचारियों एवं 82 भू0पू0 कर्मचारियों के आंश्रितों को उनकी योग्यता के आधार पर रोजगार मुहैया कराया गया है। श्री शर्मा ने विश्वास दिलाया कि शिक्षा एवं चिकित्सा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है जिसका सीधा लाभ आम जनता पर होगा। चुर्क परिसर में आवश्यकता अनुसार ही अनुमति प्राप्त कर यूकलिप्ट्स के पेड़ ही काटे गये हैं एवं भविष्य में विभिन्न संगठनों के सहयोग से उद्योग द्वारा सघन वृक्षारोपण कराया जायेगा जिससे पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा। अन्त में लोक सुनवाई के अध्यक्षीय सम्बोधन में जिलाधिकारी सोनभद्र श्री पनधारी यादव नें कहा कि उद्योग द्वारा प्रदूषण नियंत्रण नियमों के

क्रमशः 6/पर..........

अनुकूल प्रदूषण के स्तर को यथा सम्भव निम्नतम रखने के सारे उपाय किए जायं। उन्होंने अधिशासी अध्यक्ष से आग्रह किया कि क्षेत्र के समीपस्थ गाँवों के चहुमुखी विकास का विशेष ध्यान रखा जाय तथा स्थानीय निवासियों को प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाने पर वरीयता प्रदान की जाय। उद्योग प्रबन्धन प्रेषित प्रस्ताव के अनुरूप प्रदूषण नियंत्रण एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें। उपरोक्त विचारों/सुझावों/टिप्पणियों एवं आपत्तियों के सिवाय *कोई मुद्दा नहीं उठाया गया।*

उपरोक्त मन्तब्य के साथ पर्यावरण दृष्टिकोण से मे0 जय प्रकाश एसोसिएट्स लि0, सोनभद्र को 4x60 M.W. कैप्टिव थर्मल पावर प्लाण्ट, 1.0 एम0टी0पी0ए0 सीमेण्ट ग्राइंडिंग एवं 1.0 एम0टी0पी0ए0 कोलवाशरी के उत्पादन की इकाई की स्थापना हेतु सशर्त पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु निर्गमन आख्या प्रेषित है।

03/6/10

*(कालिका सिंह)*
**क्षेत्रीय अधिकारी**
**उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड**
**सोनभद्र।**

*(पनधारी यादव)*
**जिलाधिकारी**
**सोनभद्र।**

जिलाधिकारी
सोनभद्र